# अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0जल निगम(ग्रामीण)

**लडापुरा वाटर वर्क्स के निकट, झालू रोड, बिजनौर(उ0प्र0)**

**(दूरभाष/फैक्स : 01342–252649)**

**E-mail: ee_bjn_cdupjn@yahoo.co.in**


पत्रांकः 1543 / प्रेस कटिंग / 17 दिनांकः–28.04.2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण),
उ0प्र0जल निगम(ग्रामीण),
लखनऊ।

**विषय :–** **<u>उ0प्र0जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ से प्राप्त प्रेस कटिंग पर आख्या का प्रेषण।</u>**

महोदय,

उपरोक्त विषयक आपके कार्यालय से प्राप्त ई0पेपर देनिक भास्कर दिनांक 27 मार्च 2026 विडियो समाचार मे **'' मै0एल0सी0इन्फ्रा प्रो0प्रा0लि0 के बिजनौर–नूरपुर रोड पर धर्मपुरा ग्राम में स्थित स्टोर में आग लगने से हुआ लाखो का नुकसान ''** खण्ड कार्यालय को आख्या उपलब्ध कराने हेतु प्राप्त हुई है। आपके द्वारा दिये गये निर्देशो के अनुपालन में उक्त पर आख्या निम्नानुसार सादर प्रेषित हैः–

| प्रेस कटिंग | आख्या |
|---|---|
| प्राप्त ई0पेपर दैनिक भास्कर की विडियो समाचार के माध्यम से जनपद बिजनौर में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत के अन्तर्गत कार्यरत एजेन्सी मै0एल0सी0इन्फ्रा प्रो0प्रा0लि0 के बिजनौर–नूरपुर रोड पर ग्राम धर्मपुरा में स्थित स्टोर में आग लगने की घटना प्रकाश में आयी है, जिससे लाखो की क्षति होने का अनुमान बताया गया है। | जनपद बिजनौर में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत फेज–।। के अन्तर्गत कार्यदायी एजेन्सी मै0एल0सी0इन्फ्रा प्रो0प्रा0 लि0 द्वारा पेयजल योजनाओ का निर्माण कार्य किया जा रहा है।<br>एजेन्सी के प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा मोबाईल पर सूचना दी गयी है कि एजेन्सी का बिजनौर–नूरपुर रोड पर ग्राम धर्मपुरा में स्टोर स्थिति है जिसमें दिनांक 26.04.2026 को अचानक से आग लगने की घटना घटित हुई आग पर फायर बिग्रेड के माध्यम से काबू पाया गया, लेकिन तक तक लाखो रुपये का सामान जल गया है परन्तु कोई मानवीय क्षति नहीं हुई है। आग के कारणो का अभी पता नहीं लग पाया है प्रथम दृष्टया अत्याधिक गर्मी या शोर्ट सर्किट की वजह से घटना घटित हुई प्रतीत होती है। उक्त घटना के सम्बन्ध में जनपद में प्रकाशित न्यूज पेपरो के माध्यम से भी प्रकाश में लाया गया है।<br>उक्त के संदर्भ में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय पत्रांक 1542/प्रेस कटिंग/16 दिनांक 27.04.2026 के द्वारा एजेन्सी से उक्त प्रकरण में विस्तृत आख्या मांगी गयी है, एजेन्सी से आख्या प्राप्त होते ही आपको पुनः वास्तविक स्थिति से अवगत करा दिया जायेगा।<br>सादर सूचनार्थ प्रेषित। |

**भवदीय**

**(राकेश चौधरी)**
अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0एवं दिनांक उपरोक्तानुसार
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– मुख्य अभियन्ता(मुरा0क्षे0), उ0प्र0जल निगम(ग्रामीण) को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
2– जिलाधिकारी महोदया बिजनौर को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
3– मुख्य विकास अधिकारी, बिजनौर को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
4– जिला सूचना अधिकारी, बिजनौर को सूचनार्थ प्रेषित।
5– प्रोजेक्ट मैनेजर, मैसर्स एल0सी0इन्फ्रा प्रो0प्रा0 लि0–गजा इंजी0प्रा0लि0 बिजनौर को इस निर्देश के साथ कि योजना से समयान्तर्गत पेयजल आपूर्ति सुचारु करना सुनिश्चित करें।

अधिशासी अभियन्ता


# अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0जल निगम(ग्रामीण)

**लडापुरा वाटर वर्क्स के निकट, झालू रोड, बिजनौर(उ0प्र0)**

**(दूरभाष/फैक्स : 01342—252649)**

**E-mail: ee_bjn_cdupjn@yahoo.co.in**


---

पत्रांकः 1542 / प्रेस कटिंग /16 दिनांकः—27.04.2026

सेवा में,

प्रोजेक्ट मैनेजर,
मै0एल0सी0इन्फ्रा प्रो0प्रा0लि0,
बिजनौर।

**विषय :—** **दिनांक 26.04.2026 को आपकी एजेन्सी के नूरपुर स्थित स्टोर पर आग लगने के सम्बन्ध में आख्या उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक आपकी एजेन्सी के बिजनौर—नूरपुर रोड पर ग्राम धर्मपुरा स्थित स्टोर पर दिनांक 26.04.2026 को आग लगने की घटना प्रकाश मे आयी है जिसके सम्बन्ध में आपके द्वारा मोबाईल पर अवगत कराया गया है एवं विभिन्न अखबारो एवं मिडिया के द्वारा भी उक्त प्रकरण प्रकाश में लाया गया है।

उक्त प्रकरण में अपनी आख्या अधोहस्ताक्षरी को दो दिन में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, जिससे उच्चाधिकारियों को स्थिति से अवगत कराया जाना संभव हो सके। इसके अतिरिक्त यह भी प्राथमिकता पर सुनिश्चित करें कि जल जीवन मिशन के महत्वपूर्ण कार्य में किसी भी प्रकार का विलम्ब न हो।

**संलग्नकः— उपरोक्तानुसार।**

**भवदीय**

**(राकेश चौधरी)**
अधिशासी अभियन्ता

**पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार**

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण), उ0प्र0जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
2. मुख्य अभियन्ता(मुरा0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), मुरादाबाद को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
3. मुख्य विकास अधिकारी, महोदय बिजनौर को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

अधिशासी अभियन्ता